मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 19/01/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --15/2024
19 जनवरी 2024
मरंङ गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम, मोरहाबादी, रांची
==========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज मरंङ गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलीफायर प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए।
==========================

★ मुख्यमंत्री ने जर्मनी बनाम यूएसए के बीच हुए फाइनल मुकाबले का उठाया लुत्फ
==========================

★ मुख्यमंत्री ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों के बीच किया पुरस्कार वितरण
==========================

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का राष्ट्रीय खेल हॉकी के प्रति काफी लगाव है, इसकी बानगी आज भी देखने को मिला। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज मरंङ गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलीफायर प्रतियोगिता 2024 के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए, यहां उन्होंने ओलंपिक क्वालीफायर के जर्मनी बनाम यूएसए के बीच हुए फाइनल मुकाबला का लुत्फ उठाया। मैच के दौरान मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन दोनों टीमों की खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते नजर आए।

फाइनल मुकाबले में जर्मनी ने यूएसए को 2-0 से हराया

एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलीफायर प्रतियोगिता 2024 के फाइनल मैच में जर्मनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएसए की टीम को 2-0 से पराजित कर प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रही। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय महिला हॉकी टीम सहित प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों की खिलाड़ियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने झारखंड रांची की मेजबानी में हुए एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलीफायर प्रतियोगिता 2024 के सफल आयोजन हेतु राज्य सरकार के अधिकारियों एवं हॉकी इंडिया के प्रतिनिधियों को अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति एवं खेलकूद विभाग के मंत्री श्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव श्री एल०खियांग्ते, डीजीपी श्री अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश

कुमार, महासचिव हॉकी इंडिया श्री भोलानाथ सिंह सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

===========================

#Team PRD(CMO)